अहमदाबाद में नकली ब्लड प्लाज्मा रैकेट का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार

अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस की SOG टीम ने चांगोदर इलाके में चल रहे नकली ब्लड प्लाज्मा रैकेट का भंडाफोड़ कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपी असली प्लाज्मा निकालकर उसकी जगह सलाइन वॉटर (नमक का पानी) भर देते थे और नकली प्लाज्मा को आधी कीमत पर अस्पतालों और मरीजों को बेचते थे. पुलिस ने आरोपियों के पास से 1150 यूनिट असली प्लाज्मा समेत कुल 15 लाख रुपये का माल बरामद किया है. इस पूरे गिरोह की धरपकड़ के बाद अब पुलिस इस बात की गहन जांच कर रही है कि आरोपियों ने अब तक किन-किन अस्पतालों में इसकी सप्लाई की है और क्या इस नकली प्लाज्मा को चढ़ाने से किसी मरीज की तबीयत बिगड़ी है.

Source: https://www.aajtak.in/india/gujarat/story/ahmedabad-fake-blood-plasma-racket-busted-police-four-arrested-ntc-ntyv-rpti-2586044-2026-06-24